# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (29.04.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 29.04.2025, PAGE-08**

## विश्वविद्यालय में दो नये कॉलेजों को मिला संबद्धन

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में दो नये कॉलेजों को संबद्धन सरकार की तरफ से मिला है। इनमें पूर्वी चंपारण के सुखदेव अरविंद प्रसाद कॉलेज को स्नातक कला में सत्र 2025-29 के लिए और जीएसएसपी कॉलेज विद्यापीठ पूर्वी चंपारण को स्नातक कला संकाय में संबद्धन मिला है। इन दोनों कॉलेजों के नाम अब विवि के पोर्टल पर जोड़े जायेंगे। विवि में इस सत्र में 113 कॉलेजों में दाखिला होगा।

## छात्राएं नियमित रूप से करें कक्षा : विभागाध्यक्ष

मुजफ्फरपुर। पीजी गृह विज्ञान विभाग में सोमवार को सत्र 2024-26 की छात्राओं के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन व विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता रानी ने की। उन्होंने छात्राओं को नियमित कक्षा करने के लिए कहा। प्रो. रेणु कुमारी ने छात्राओं को सिलेबस के बारे में बताया। प्रो. कुसुम कुमारी ने गृह विज्ञान के कार्यक्षेत्र के बारे में बताया।

## कर्मचारी संघ चुनाव का वोटर लिस्ट जारी

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में कर्मचारी संघ चुनाव को लेकर सोमवार को वोटर लिस्ट जारी कर दी गई। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राम कुमार ने बताया कि चुनाव के लिए तीन और पांच मई को नामांकन होगा। 11 मई को संघ का चुनाव है। चुनाव को लेकर कर्मचारियों में उम्मीदवारी के लिए चर्चा शुरू हो गई है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:29.04.2025, PAGE-08**

# पीएचडी के वाइवा में आयेंगे बिहार से बाहर के परीक्षक

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में होनेवाली पीएचडी वाइवा में अब बिहार से बाहर के विवि के परीक्षक आयेंगे। विवि में सोमवार को छात्र संवाद के दौरान बिहार विवि के प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय ने इसका पत्र जारी करने का निर्देश परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान को दिया। उन्होंने बताया कि यूजीसी की रेगुलेशन 2016 में यह स्पष्ट उल्लेख है कि वाइवा में एक्जामनर दूसरे राज्य के विश्वविद्यालय के होंगे।

विश्वविद्यालय में भी अब रेगुलेशन 2016 से पीएचडी कराई जा रही है। दूसरे विवि से एग्जामनर आने से पीएचडी में पारदर्शिता बनी रहेगी। प्रॉक्टर ने बताया कि पिछले हफ्ते आठ समस्याएं आईं थीं। उन सभी का समाधान कर दिया गया है। छात्र संवाद के दौरान एमएसकेबी की एक छात्रा रूपा कुमारी ने कहा कि पार्ट थ्री के अंकपत्र पर पार्ट वन का अंक नहीं चढ़ा है। एलएनटी के एक छात्र ने शिकायत दर्ज कराई कि स्नातक थर्ड सेमेस्टर में उसका परीक्षा केंद्र रामेश्वर महाविद्यालय था। उसे कर्कट के नीचे बैठकर परीक्षा देनी पड़ी। छात्र संवाद में एक छात्र ने कहा कि उसे डिग्री नहीं मिल रही है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:29.04.2025, PAGE-04

# बिहार विश्वविद्यालय के तीन उत्पादों की अंतिम टेस्टिंग, शीघ्र होंगे लांच

- विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर में निर्मित फ्लोर क्लीनर, हर्बल माउथ वाश समेत अन्य प्रोडक्ट का होना है निर्माण
- जांच रिपोर्ट के आधार पर ही प्रोडक्ट के टिकाऊपन की होगी जानकारी, पीजी रसायन विभाग में संचालित है सेंटर

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर में बनाए जाने वाले तीन प्रोडक्ट को बाजार में लांच करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस कड़ी में फिलहाल प्रोडक्ट के सैंपल की टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। फ्लोर क्लीनर, हर्बल माउथ वाश और हर्बल टूथ पाउडर कितने महीने में खराब हो जाएगा या इसका असर कम होने लगेगा, इसकी जांच के लिए प्रोडक्ट के सैंपल को प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। अलग-अलग तापमान और परिस्थिति में इसकी टेस्टिंग की जानी है। रेफ्रिजरेटर, कम तापमान और अधिक तापमान तीनों ही अवस्था में इसकी जांच होनी है। इसी आधार पर इसका टिकाऊपन निर्धारित होगा। प्रोडक्ट के सैंपल की जांच के लिए इसे राज्य के बाहर के बायोटेक्नोलाजी लैब में भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आना शेष है। कुछ सैंपल की जांच के लिए फार्मेसी लैब में भी भेजा जाना है। आने वाले समय में एमआइटी के फार्मेसी विभाग से भी सहयोग लिया जा सकता है।

**3** उत्पादों की एक्सपायरी डेट जानने के लिए लैब में भेजा गया सैंपल



### तीन छात्र मिलकर कर रहे काम

विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर का पीजी केमिस्ट्री विभाग में संचालन किया जा रहा है। विभाग के तीन छात्र गौरव कुमार, अभय कुमार और कीर्ति मिलन इस पर मिलकर कार्य रहे है। पीजी केमिस्ट्री विभाग के शिक्षक और सेंटर के सदस्य डा. अभयनंदा श्रीवास्तव ने बताया कि बाजार में विश्वविद्यालय का प्रोडक्ट उतारा जाना है। इसके लिए तेजी से काम चल रहा है। प्रोडक्ट में कितना माइक्रोबियल ग्रोथ हो रहा है इसका पता लगाने के लिए सैंपल की टेस्टिंग कराई जा रही है। शीघ्र ही सकारात्मक रिपोर्ट मिलने का अनुमान है। कमरे के तापमान और अन्य स्थितियों में इसकी जांच कराई जा रही है।

**विश्वविद्यालय का बढ़ेगा आय :** उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय की ओर से तैयार होने वाले इस प्रोडक्ट को बाजार में उतारकर विश्वविद्यालय इससे अपनी आय बढ़ाएगा। आने वाले दिनों में सेंटर में और नए प्रोडक्ट बनाए जाने की योजना है। दूसरी ओर नैक मूल्यांकन में भी इसे विश्वविद्यालय अपने बिजनेस माडल के तहत प्रदर्शित कर सकेगा। मूल्यांकन में इसका भी प्वाइंट मिलेगा।